# श्री रकंपा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़

## महिला प्रकोष्ठ

2018 – 19

महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वर्षपर्यन्त अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कड़ी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। दिनांक 10.10.18 को इस विषय पर मुख्य वक्ता डा० चन्दना माथुर ने प्रकाश डालते हुये कहा कि बेटियाँ ही आगे बढ़कर परिवार व समाज का नाम रोशन करती हैं।

दिनांक 15.10.18 को महिला सुरक्षा सम्बन्धित कानूनों की डा० चन्द्रप्रभा पारीक द्वारा जानकारी दी गयी। दिनांक 24.11.18 को पूर्व प्राचार्या डा० राजेश्वरी माथुर ने अपने व्याख्यान में 'भारतीय समाज में नारी की महत्ता' को रेखांकित किया।

महाविद्यालय की छात्राओं के लिए बहुआयामी विकास एवम् ज्ञान संवर्धन हेतु अनेक प्रतियोगिताऐं जैसे काव्य पाठ, आशु भाषण तथा पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहाँ आशुभाषण प्रतियोगिता में रोमांचक, कल्पनापूरक और वैचारिक विषयों पर छात्राओं ने बढ़कर प्रस्तुतिया दी, वहीं काव्य पाठ प्रतियोगिता में गायन कौशल का परिचय देते हुए मोहक प्रस्तुतियाँ दी गयी। पोस्टर प्रतियोगिता में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर सुन्दर पोस्टर बनाये गये।

दिनांक 07.01.2019 को 'महिला उत्पीड़न एवम् लैंगिक समानता' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डा० सहदेवदान ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों को पुनः स्मरण की प्रेरणा दी। इसी कार्यशाला में वक्ता डा० रजनी शर्मा ने इस विषय पर जागरूकता के लिए सोच परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हुए विशाखा गाइडलाइन की जानकारी दी। अंतिम वक्ता डा० चन्द्रप्रभा पारीक ने अधिनियम 2013 में पारित महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवम् प्रतितोष) की विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि इस हेतु महाविद्यालय में भी महिला उत्पीड़न निवारण समिति कार्यरत है।

श्री र. क. पा. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
किशनगढ़

## महिला प्रकोष्ठ

सत्र - 2019-20

महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सत्रपर्यन्त
महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता पर व्याख्यान एवं निबन्ध
लिखाई जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य व स्वच्छता
के प्रति जागरूक करना रहा। जिसमें डॉ. अलका पारीक ने
छात्राओं को स्वच्छता व नियमित खान-पान से स्वास्थ्य
सुरक्षा का व्यावहारिक ज्ञान देते हुए छात्राओं की समस्याओं
का निराकरण किया। छात्राओं की रुचि व कलात्मक,
सृजनात्मक कौशल को ध्यान में रखते हुए मेंहदी, मांडना,
रंगोली, केशसज्जा, ~~एवं~~ सलाद सज्जा एवं एकलगायन
प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिन्हें पुरस्कृत
भी किया गया। ये प्रतियोगिताएं दिनांक को 30.9.19
को निबन्ध प्रतियोगिता, 1.10.19 को स्वास्थ्य स्वच्छता
पर व्याख्यान, 7-8.11.19 को रंगोली, केशसज्जा, सलाद
सज्जा व एकल गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

(हस्ताक्षर)

डॉ० गीता शर्मा
प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ

श्री र. क. पा. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
किशनगढ़
सत्र - 2019-20

## महिला उत्पीड़न निवारण एवं लैंगिक समानता समिति

सत्रपर्यन्त समिति द्वारा आवश्यकतानुसार छात्राओं को आत्मसुरक्षा, निसंकोच की भावना, निडरता की भावना से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया। इस संबंध में महाविद्यालय परिसर में महिला सुरक्षा से संबंधित सूचनाएं चस्पा की गई। तथा समिति के सभी संकाय सदस्यों के मोबाईल नं. सहित सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गई थी। जिससे छात्राएं किसी विषम परिस्थिति शीघ्रातिशीघ्र समिति से संपर्क कर सके।

डॉ प्रतिभा शुक्ला ने छात्राओं को महिला उत्पीड़न संबंधी स्थितियों में फंसने पर उनके निवारण हेतु सुझाव दिए तथा छात्राओं के शंकाओं का समाधान भी किया।

डॉ. अनुपमा पारीक ने घरेलू हिंसा अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ गीता शर्मा ने कार्यस्थल पर होने वाली मानसिक, शारीरिक व आर्थिक स्तर की भेदभाव पर विचार रखते हुए छात्राओं को प्रेरित किया।

श्रीमती अलका जैन ने कॉलेज परिसर, समाज व परिवार के बीच लड़कियों पर बनाने वाले दबाव को निसंकोच होकर सामना करने की प्रेरणा दी।

(हस्ताक्षर)
डा. गीता शर्मा
प्रभारी समिति.

श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी राज० महाविद्यालय, किशनगढ़

## महिला प्रकोष्ठ

## वार्षिक प्रतिवेदन (2020-21)

महाविद्यालय में कोरोना काल में सोशल डिस्टेन्सीग एवं गाईड लाईन की पालना करते हुये online व offline कक्षाओं में इस महामारी से बचाव हेतु योगा का महत्व एवं स्वच्छता के महत्व को समझाया गया। महाविद्यालय में online हो रही योगा कक्षा में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

छात्राओं की सफाई एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित प्रसार भाषण का आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त वैक्सीनेशन के लिए जागरूकता अभियान भी छात्राओं द्वारा चलाया गया।

महिला कानून से सम्बन्धित 26 फरवरी को महाविद्यालय द्वारा आयोजित वेबीनार भी छात्राओं के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हुयी।

महिला कानून से सम्बन्धित अनेक धाराओं का विशद व्याख्यान डा० संजय जैन व डा० सीताराम चौधरी द्वारा किया गया।

इसके अतिरिक्त ~~भी~~ छात्राओं हेतु लाभकारी सुझाव एवं उनकी समस्याओं का शमन समय समय पर किया गया।

प्रभारी

प्राचार्य

श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी राज० महाविद्यालय, किशनगढ़

महिला उत्पीडन निवारण
एवम्
लैंगिक समानता समिती

वार्षिक रिर्पोट 2020-21

महाविद्यालय में महिला उत्पीडन निवारण एवम् लैंगिक समानता समिति के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 में समिति द्वारा महिलाओं की समानता एवं उत्पीडन निवारण हेतु छात्राओं को परामर्श दिया गया एवम् उनकी समस्याओं का निदान किया गया।

इस क्षेत्र में जागरूक करने हेतु व्याख्यान भी आयोजित किये गये, जिनमें महिला सुरक्षा सम्बन्धि लैंगिक समानता एवं उनके कानूनी अधिकार इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गयी।

समिति द्वारा समय समय पर महाविद्यालय में भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया गया कि छात्राओं को भयमुक्त वातावरण में अध्ययन कर सके। साथ ही कोरोना काल में गाइड लाईन की पालना के महत्व से भी अवगत कराते हुये स्वच्छता व वक्सीनेशन ~~भी~~ करवाने का प्रचार प्रसार किया।

प्रभारी

प्राचार्य